आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 07.04.2025 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार,

- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय कल से मनाएगा पोषण पखवाड़ा का 7वां संस्करण।
- केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील।
- घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के मूल्य में 50 रुपये की वृद्धि, कल से होगी लागू।
- प्रदेश में जल्दी ही शुरू होगा इलेक्ट्रिक बसों का संचालन।

पोषण पखवाड़ा

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय कुपोषण को दूर करने की सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता के तहत कल से पोषण पखवाड़ा का 7वां संस्करण मनाएगा। इस वर्ष के पोषण पखवाड़े में मुख्य रूप से चार विषयों पर जोर दिया जाएगा। ये विषय हैं जीवन के पहले एक हजार दिनों पर ध्यान केंद्रित करना, पोषण ट्रैकर के लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाना, कुपोषण का प्रबंधन और बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली। कुपोषण से निपटने सहित विभिन स्वास्थ्य आयाम हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पोषण अभियान की शुरुआत की गयी थी।

मुख्यमंत्री अनमोल पोर्टल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम में मातृ-शिशु संजीवन मिशन रणनीति दस्तावेज एवं ANMOL 2.0 Portal का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। डा यादव ने इस अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया.

शिवराज केमिकल

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि केमिकल और फर्टिलाइजर के अंधाधुंध उपयोग के कारण धरती का स्वास्थ्य बिगड़ता जा रहा है, अब समय आ गया है कि हम प्राकृतिक खेती के बारे में सोचें। डॉ. हेडगेवार सेवा समिति द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र नंदुरबार में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गांव गरीबी मुक्त

बने, इसके लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गांव को स्वावलंबी बनाने का प्रयत्न करेंगे।

राज्यपाल प्रशिक्षण कार्यक्रम

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि निष्ठा और धैर्य के साथ न्यायसंगत दलील देना लोक अभियोजक का दायित्व है। केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी भोपाल में सहायक लोक अभियोजन अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि तथ्यों पर आधारित दलील का कानून स्वाभाविक रूप से साथ देता है। लोकायुक्त न्यायमूर्ति सत्येन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि न्याय को सुनिश्चित करने के लिए अभियोजन अधिकारी दायित्वों का निर्वहन जितनी कुशलता और निष्ठा से करेंगे, परिणाम उतने ही अच्छे मिलेंगे।

पेट्रोल डीजल

केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के मूल्य में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि कल से उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए गैस सिलेंडर का मूल्य 550 रुपये और अन्य के लिए 853 रुपये होगा। सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर भी उत्पाद शुल्क में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि का निर्णय लिया है। लेकिन, तेल विपणन कंपनियों ने कहा है कि दोनों पेट्रोलियम उत्पादों के खुदरा मूल्यों में कोई वृद्धि नहीं होगी। श्री पुरी ने भी नई दिल्ली में बताया कि उत्पाद शुल्क में वृद्धि का प्रभाव उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा।

राजेन्द्र शुक्ल-इंटरव्यू

स्वास्थ्य और इससे जुड़े अच्छी आदतों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज दुनिया भर में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने इस अवसर पर आकाशवाणी से बातचीत में लोगों से अपनी सेहत का ध्यान रखने की अपील की है. यह बातचीत आज रात सवा आठ बजे प्रसारित होगी.

ई-बस

प्रदेश में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को लेकर केंद्र सरकार ने टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसमें 472 बसों के लिए ग्रीन सेल को फाइनल किया गया है। इस साल के अंत तक प्रदेश के छह शहरों में ई-बसों का संचालन शुरू करने की तैयारी है। जानकारी के अनुसार, प्रदेश को 552 ई-बसें मिलेंगी, जिनमें से 472 बसों के लिए ग्रीन सेल को फाइनल किया गया है। संबंधित निकायों में बसों के लिए डिपो का निर्माण और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार किया जाएगा।

महापौर खेल

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भोपाल में खेलों के उन्नयन के लिये प्रदेश के सभी महापौरों की बैठक ली। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से नगरीय निकायों में खेलों के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने, युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करने, नगरीय निगम के खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के उन्नयन सहित अनेक विषयों पर चर्चा हुई। श्री सारंग ने उपस्थित सभी महापौरों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में खेलों के उन्नयन के लिये क्षेत्र चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करें।

डिजिटल प्लेटफार्म एजुकेशन पोर्टल-3.0

स्कूल शिक्षा विभाग में अकादमिक एवं प्रशासनिक कार्यों के क्रियान्वयन की मॉनीटरिंग तथा परिणामों की समीक्षा के लिये डिजिटल प्लेटफार्म एजुकेशन पोर्टल-3.0 शुरू किया है। प्रदेश में एक अप्रैल से नवीन अकादमिक सत्र में सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में प्रवेश की कार्यवाही एजुकेशन पोर्टल-3.0 पर की जा रही है। इसमें सभी बोर्ड जैसे एमपी बोर्ड, सीबीएसई, मदरसा बोर्ड और संस्कृत बोर्ड के अंतर्गत संचालित शालाएँ, केन्द्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल और नवोदय विद्यालय भी पंजीकृत हैं।

समाचार संक्षेप में....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 अप्रैल को अशोकनगर जिला अंतर्गत तहसील ईसागढ़ के श्री आनंदपुर धाम पर भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। उक्त भ्रमण कार्यक्रम के क्रम में जिला प्रशासन द्वारा तैयारी की जा रही है।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रालय में बैठक लेकर 13 अप्रैल को भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक गोपाल सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। इस कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह का आगमन प्रस्तावित है।
- विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भारतीय डाक विभाग एवं अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में आज एक डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन एम्स भोपाल की गांधी गैलरी में किया गया। प्रदर्शनी 11 अप्रैल तक चलेगी.
- शिवपुरी जिले मे इस मौके पर आज स्वस्थ्य शुरूआत, आशावादी भविष्य थीम पर जिला अस्पताल सहित हैल्थ एंड वेलनेस सेन्टर, समस्त सामुदयिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मनाया गया।
- मध्यप्रदेश में पुलिस भर्ती प्रक्रिया इस माह के अंत में शुरू हो सकती है। प्रदेश के पुलिस विभाग में आठ हजार पदों पर भर्ती होगी।। इसमें सब इंस्पेस्टर और कांस्टेबल के पद शामिल हैं।

- सागर जिले में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए आगामी आदेश तक शाला समय में परिवर्तन कर सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर 12 तक कर दिया है।
- मध्यप्रदेश राज्य हज कमिटी ने हज-2025 के चयनित हज यात्रियों द्वारा तीसरी किश्त की शेष राशि जमा करने की तिथि बढ़ाकर नौ अप्रैल कर दी गयी है
- आगरमालवा जिले में आज हुए तीन अलग-अलग हादसों में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई।